भारत सरकार

गृह मंत्रालय

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या** 1737

दिनांक 08.03.2016/ 18 फाल्गुन, 1937 (शक) को उत्तर के लिए

**फाइलों को सार्वजनिक करना**

†1737. **श्री पी.वी. मिदून रेड्डी**:
**श्री नाना पटोलेः**

क्या **गृह मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने नेतीजी सुभाष चन्द्र बोस से जुड़ी सभी फाइलों को सार्वजनिक कर दिया है;
(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(ग) क्या इन फाइलों के गुम होने या इनके साथ छेड़छाड़ की घटनाएं हुई हैं;
(घ) यदि हां, तो इस पर सरकार की क्या प्रतिक्रिया है;
(ड.) क्या सरकार से रणकोजी मंदिर में रखे अवशेषों के डी.एन.ए. जांच की मांग की गई है; और
(च) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इस पर क्या कार्रवाई की गई है?

**उत्तर**

गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री हरिभाई परथीभाई चौधरी)

**(क) से (घ): गृह मंत्रालय में नेताजी सुभाष चन्द्र बोस से संबंधित उपलब्ध सभी गुप्त फाइलों को सार्वजनिक कर दिया गया है और स्थायी रूप से रखने के लिए भारत के राष्ट्रीय अभिलेखागार में अंतरित कर दिया गया है। जबकि फाइलों के साथ छेडछाड़ की कोई घटना नहीं है, फिर भी कुछ फाइलें हैं जिनका पता लगाने के लिए सभी प्रयासों के बावजूद उन्हें ढूंढा नहीं जा सका।**

**(ड.): जी, नहीं।**

**(च): प्रश्न नहीं उठता।**

------